19अक्टूबर-दैनिक जागरण BH

लैप्स प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे आवंटी, रेरा ने भेजा प्रस्ताव

- आइओबी नगर प्रोजेक्ट को आवंटियों ने पूरा करने का दिया प्रस्ताव
- समय पर प्रोजेक्ट को पूरा करने में विफल रहा था प्रमोटर

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : बिहार रेरा ने लैप्स हो चुके प्रोजेक्ट को पूरा करने का समाधान खोजने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह और सदस्य एसडी झा की खंडपीठ ने अग्रणी होम्स प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना आइओबी नगर ब्लाक 'बी' से संबंधित आदेश सुनाते हुए आवंटियों के संघ द्वारा शेष विकास कार्य स्वयं पूरा करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। अब इस मामले को रेरा अधिनियम की धारा 8 के तहत राज्य सरकार को परामर्श के लिए भेज दिया गया है। सरकार का जवाब मिलने के बाद आवंटियों के संघ को रेरा बिहार में निबंधन करा कर अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए सौंप दिया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में आदेश पारित होने के बाद वह भी एसोसिएशन बनाकर राहत पाने के लिए रेरा बिहार में मामला दर्ज करा सकते हैं और खुद प्रोजेक्ट पूरा करा सकते हैं।

बिहार रेरा के अनुसार, श्वेता, गीता कुमारी, कृति कुमारी, मुकेश कुमार और डा. राणा नागेंद्र कुमार सिंह सहित कई आवंटियों ने याचिकाएं दायर की थीं, जिन्होंने अग्रणी होम्स प्राइवेट लिमिटेड को 8.25 लाख रुपये से लेकर 27.19 लाख रुपये तक की राशि का भुगतान किया था, लेकिन प्रमोटर समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने में विफल रहा।